प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा दे रही है केन्द्र सरकार– दुनिया में सबसे तेज़ गति से बढ़ रही है भारतीय अर्थव्यवस्था।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिक्षा क्षेत्र को बताया सरकार की प्राथमिकता– युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर चुनावी गारंटियां पूरा न करने का लगाया आरोप– कहा– आने वाले दिनों में जनता मांगेगी हिसाब।
- निजी बस ऑपरेटरों ने कल शिमला में प्रस्तावित हड़ताल की स्थगित– नियमित रूप से चलेंगी बसें।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार कौशल विकास को बढ़ावा दे रही है और युवाओं को उद्यमशील बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा आबादी वाला देश है और भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज़ गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन गई है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम और दूसरा सबसे बड़ा फाइव–जी बाज़ार है।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं और ग्रामीण स्तर पर भी बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में आज ब्रेन ऑफ हिमाचल–2025 पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के एक सौ सरकारी स्कूलों में सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया है और सरकार के प्रयासों से आज हिमाचल पूर्ण साक्षर राज्य बन चुका है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपने करियर पर

ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जमा दो कक्षा के अक्षत ठाकुर को ब्रेन ऑफ हिमाचल चुना गया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं से राज्य सरकार से लोगों को दी गई झूठी गारंटियों का हिसाब लेने को कहा है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के कई वरिष्ठ केन्द्रीय नेता पहुंच रहे हैं और उन्हें सरकार द्वारा दिए गए आंकड़ों में न पड़कर ज़मीनी हकीकत का भी पता लगाना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों को दी गई गारंटियों में से एक भी गारंटी पूरी नहीं की है जबकि सरकार का 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने वाला है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि झूठी गारंटियां देने वालों को प्रदेश के लोग सबक सिखाएंगे और आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी से इसका हिसाब मांगा जाएगा। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई अनेक योजनाएं बंद कर दी हैं।

प्रतिमा

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण कल किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समारोह में भाग लेने के लिए कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी आज शिमला पहुंच गई हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े नेताओं का भी शिमला आने का कार्यक्रम है।

निजी बस ऑपरेटरों

निजी बस ड्राइवर–कंडक्टर यूनियन ने कल राजधानी शिमला में अपनी प्रस्तावित हड़ताल को वापिस लेने का निर्णय लिया है। आज शिमला में परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यूनियन के प्रधान रूप लाल ठाकुर ने बताया कि परिवहन विभाग और निगम के अधिकारियों ने उनकी सभी मांगें मान ली हैं।

आरटीआई

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि सूचना के अधिकार के तहत की गई लगभग शत–प्रतिशत अपीलों का निपटारा हो रहा है और लंबित मामलों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। उन्होंने कहा

कि वर्ष 2007 से 2014 तक पूर्व यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल में अपीलों की निपटान दर करीब 77 फीसदी रही जो वर्तमान मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले 7 वर्षों में लगभग 94 फीसदी हो गई है।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने केन्द्र सरकार से सूचना का अधिकार अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि 20 वर्ष पहले आज ही के दिन तत्कालीन यू.पी.ए. सरकार ने देश में सूचना का अधिकार अधिनियम लागू किया था। कांग्रेस पार्टी ने केन्द्र व राज्य सूचना आयोगों में खाली पड़े पदों को तुरंत भरने की मांग भी की है।

शांडिल

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की सन्होल पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन किए। उन्होंने मतीवल में दो दिवसीय श्री विजेश्वर महाराज मेले के समापन अवसर पर भी शिरकत की। शांडिल ने कहा कि मेले व त्योहार प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं, और इनके माध्यम से प्राचीन परम्पराओं का ज्ञान होता है। स्वास्थ्य मंत्री ने युवाओं से शारीरिक व मानसिक विकास पर ध्यान केन्द्रित करने व नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

विश्व गठिया दिवस

आज विश्व गठिया दिवस है। इसका आयोजन गठिया रोग और इससे बचाव के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से किया जाता है। एम्स दिल्ली की डॉक्टर उमा कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि गठिया के लक्षणों की पहचान कर इसका उचित उपचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जोड़ों में दर्द, अकड़न, सूजन और जोड़ों के आसपास जलन गठिया रोग के कुछ लक्षण हैं।

चम्बा पर्यटन

चम्बा ज़िले को धार्मिक व आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार एक विशेष कार्य योजना के तहत काम करेगी। ज़िला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि ज़िले में कई अनछुए पर्यटन स्थल हैं, जिन्हें विकसित किया जाएगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा दे रही है केन्द्र सरकार– दुनिया में सबसे तेज़ गति से बढ़ रही है भारतीय अर्थव्यवस्था।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिक्षा क्षेत्र को बताया सरकार की प्राथमिकता– युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर चुनावी गारंटियां पूरा न करने का लगाया आरोप– कहा– आने वाले दिनों में जनता मांगेगी हिसाब।
- निजी बस ऑपरेटरों ने कल शिमला में प्रस्तावित हड़ताल की स्थगित– नियमित रूप से चलेंगी बसें।